# झारखण्ड सरकार
# झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473893

विज्ञापन संख्या : जे०सी०ई०सी०ई०बी०/12/20 – 67 ,राँची/दिनांकः 17/11/2020

**अभियंत्रण पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में पार्श्विक प्रवेश (Lateral Entry) के अधीन नामांकन के लिये ऑनलाईन आवेदन करने, अंक पत्र अपलोड एवं साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना**

उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प ज्ञापांक– 717 दिनांक 02.11.2020 द्वारा राज्यहित में कोविड–19 की महामारी और दिन–प्रतिदिन इसके बढ़ते प्रभावों के दृष्टिपथ रखते हुए विशेष परिस्थिति में शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिये अभियंत्रण संस्थानों में नामांकन अर्हक (डिप्लोमा/बी0एससी0) परीक्षा के प्राप्तांक आधारित मेधा–सूची के आधार पर करने का निर्णय लिया गया है। अतः उपरोक्त निर्णय के आलोक में शैक्षणिक सत्र 2020–21 के लिये अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2020 का आयोजन नहीं किया जायेगा। अभियंत्रण (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम में नामांकन के ईच्छुक अभ्यर्थियों एवं अभिभावकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि:–

1. **पर्षद द्वारा पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन संख्या जे.सी.ई.सी.ई.बी./12/20 –27 दिनांक 29.05.2020 के कंडिका–2 के शैक्षणिक योग्यता (a) को निदेशक (तकनीकी शिक्षा), उच्च, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास, विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक– 706 दिनांक 21.10.2020 द्वारा अग्रसारित AICTE के सर्कुलर संख्या – F. No. AICTE/AB/SCR/Circular/Lateral Entry/2020-21 दिनांक 17.09.2020 के अलोक में एतद् द्वारा संशोधित किया जाता है "Passed Diploma examination with at least 45% marks (40% marks in case of candidates belonging to reserve category) in ANY branch of Engineering of Technology."**

2. **अभियंत्रण पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में पार्श्विक प्रवेश अंतर्गत नामांकन के लिये ईच्छुक आवेदक जो किसी कारणवश पूर्व में अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2020 में सम्मिलित होने के लिये ऑनलाईन आवेदन नहीं कर सके हैं, वे दिनांक 19.11.2020 से दिनांक 22.11.2020 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने के पूर्व आवेदक पर्षद के वेबसाईट पर भारित (Upload) अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2020 की सूचना विवरणिका (Information Bulletin) को अवश्य पढ़ लें।**

3. अभियंत्रण प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश)–2020 के लिये आवेदन भर चुके वैसे आवेदक जिनके अर्हक परीक्षा का परीक्षाफल ऑनलाईन आवदेन करते समय परीक्षाफल जारी नहीं होने के कारण आवेदन पत्र में प्राप्तांक प्रतिशत दर्ज नहीं कर सके हैं, वे दिनांक 19.11.2020 से 22.11.2020 तक पुनः लॉगइन (Login) कर प्राप्तांक प्रतिशत अवश्य से दर्ज तथा अंक पत्र (Marks Sheet) को भारित (Upload) कर दें। आवेदकों द्वारा प्राप्तांक प्रतिशत की जाँच निश्चित रूप से कर ली जाय क्योंकि मेधा–सूची का निर्माण प्राप्तांक प्रतिशत के ही आधार पर किया जाना है।

4. ऑनलाईन आवेदन में दर्ज की गयी विवरणी यथा– प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि/कोटा, के आधार पर मेधा–सूची तैयार की जायेगी जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, प्राप्तांक प्रतिशत, कोटि/कोटा, जन्म तिथि इत्यादि दर्ज रहेगी। आवेदक आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियों की जाँच कर पूर्ण रूप से संतुष्ट हो लें। यदि उसमें किसी प्रकार के संशोधन की आवश्यकता हो तो वे सुधार हेतु निर्धारित तिथि दिनांक 25.11.2020 से दिनांक 26.11.2020 (अपराह्न 05.00 बजे) तक पर्षद कार्यालय के ई–मेल jceceboard@gmail.com पर आवदेन अवश्य भेजें। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद सुधार हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनों पर पर्षद द्वारा कोई विचार नहीं किया जायेगा।

5. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं को अपनी प्राथमिकता के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in Engineering (Lateral Entry)-2020" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।**

6. **अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं का प्राथमिकता के अनुसार विकल्प भरने के लिए पर्षद द्वारा एक ही अवसर दिया जा रहा है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें। द्वितीय साक्षात्कार में विकल्पों का केवल Upgradation (उन्नयन) होगा। अगर अभ्यर्थी को प्रथम साक्षात्कार में प्रथम विकल्प आवंटित हो जाता है तो वे द्वितीय साक्षात्कार के लिये Eligible नहीं होंगे।**

7. **आवेदन शुल्क (नये आवेदकों के लिये) :–**

| **क्रम सं0** | **कोटि** | **आवेदन शुल्क** |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य/ आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों का वर्ग (EWS)/पिछड़ी जाति – I/पिछड़ी जाति – II | ₹ 900/–* |
| 2. | अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/सभी कोटि की महिला आवेदक | ₹ 450/–* |
| 3. | दिव्यांगजनों को आवेदन शुल्क देय नहीं है। | ____ |
| * :- आवेदन शुल्क अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा। आवेदन शुल्क पर देय बैंक चार्ज का भी भुगतान अभ्यर्थियों को करना होगा। | | |

8. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

| **Sl.No.** | **Category** | **Counselling Fee** |
|---|---|---|
| 1. | General/EWS/BC-I/BC-II | Rs. 400.00 |
| 2. | SC/ST/Female Candidate of all categories | Rs. 250.00 |

9. **सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि** :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–8 में वर्णित तरीका के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन लेते हैं तथा अध्ययन जारी रखते हैं तो पर्षद द्वारा आंशिक नामांकन शुल्क की राशि संबंधित संस्थान को उनके शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा यह राशि जब्त (Seize) कर ली जायेगी।

अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने के क्रम में दो विकल्प दिया जायेगा जिसमें एक विकल्प को ☑ करना आवश्यक (Mandatory) है :—

☐ (A) Accepted and participate in next round of Counselling.

☐ (B) Accepted and not participate in next round of Counselling.

उपरोक्त कंडिका (A) या (B) चुनने वाले अभ्यर्थियों को आंशिक नामांकन शुल्क जमा करने पर ही औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) होगा।

प्रथम साक्षात्कार में यदि अभ्यर्थी को सीट आवंटित नहीं होता है तो वे अगले चक्र के साक्षात्कार में सीट आवंटन हेतु इंतजार करें।

10. ऑनलाईन आवेदन, मेधा—सूची का प्रकाशन, प्रथम तथा द्वितीय ऑनलाईन साक्षात्कार एवं नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् हैं : —

**Time-Schedule for Online Application/Counseling for Admission under Lateral Entry in Engineering Course – 2020**

| Sl. No. | Activity | Date |
|---|---|---|
| 1. | Online Application/Edit and uploading of Marks Sheet | 19/11/2020 to 22/11/2020 |
| 2. | Publication of Provisional Merit List | 24/11/2020 |
| 3. | Objections on Provisional Merit List | 25/11/2020 to 26.11.2020 (Upto 05:00 PM) |
| 4. | Publication of Final Merit List | 27/11/2020 |

**Time Schedule for 1st Round of Online Counseling**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Starting date of Online Registration and Choice Filling for seat Allotment | 29/11/2020 |
| 2. | Mock Seat Allotment Result of choice fill up to 30/11/2020 (05:00 PM) | 02/12/2020 |
| 3. | Last date of Online Registration & Choice Filling for seat Allotment and locking | 03/12/2020 |
| 4. | Issue of Allotment Letter | 06/12/2020 to 09/12/2020 |
| 5. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 06/12/2020 to 9/12/2020 (Upto 05.00 PM) |
| 6. | Vacancy Report from Institute (Applicable for concern Institute ) | 09.12.2020 |

**Time Schedule for Online 2nd Round of Online Counseling**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Issue of Allotment Letter | 12/12/2020 to 14/12/2020 |
| 2. | Document Verification and Admission in the Concerned Institute | 12/12/2020 to 15/12/2020 |

आवेदन से संबंधित विज्ञापन संख्या—जे0सी0ई0सी0ई0बी0/11/20—56 दिनांक—25.09.2020 को इस हद तक संशोधित समझा जाय तथा जे0सी0ई0सी0ई0बी0/11/20—26 दिनांक—29.05.2020 में निहित शेष नियम एवं शर्त्तें यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

17/11/2020

(रंजीता हेम्ब्रम, झा.प्र.से.)
उप परीक्षा नियंत्रक